नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

Ref: 168/2021
Dt- 8-6-2021

प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– **मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर के लखनौर प्रखंड अंतर्गत लखनौर पश्चिम ग्राम पंचायत के ग्राम बेलही चौरी के कोकराही नदी पर तथा तमुरिया पंचायत के ठकुआ बांध के पास सुपेन नदी पर स्लूइस गेट का निर्माण कराने के संबंध में।**

महाशय,

मधुबनी जिलान्तर्गत मेरे विधानसभा क्षेत्र झंझारपुर के लखनौर प्रखंड में सिंचाई की समस्या हमेशा बनी रहती है। मधुबनी जिला अत्यंत बाढ़ प्रवन्न क्षेत्र है, जहाँ खरीफ फसलों की तबाही छोटी–बड़ी नदियों के बाढ़ से होती रहती है। रबी फसल के लिए सिंचाई का प्रमुख साधन नदियों एवं नहरों पर निर्भर है। किसानों के लिए समुचित सिंचाई व्यवस्था हो सके, इसके लिए स्लूइस गेट का निर्माण कराना नितांत आवश्यक है।

किसानों की आवश्यकता को देखते हुए निम्नलिखित जगहों पर स्लूइस गेट का निर्माण कराना जनहित में आवश्यक हैः–

1. लखनौर प्रखंड के ग्राम बेलही चौरी में कोकराही नदी पर स्लूइस गेट का निर्माण।
2. लखनौर प्रखंड के तमुरिया में ठकुआ बांध के पास सुपेन नदी पर स्लूइस गेट का निर्माण।

अतएव अनुरोध है कि जनहित में उपरोक्त दोनों जगहों पर स्लूइस गेट निर्माण हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

शुभकामनाओं के साथ!

भवदीय

Nitish Mishra
8.6.21
(नीतीश मिश्रा)

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in